**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ**
**(तिथि 14 दिसंबर 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किए और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ऊर्जा संरक्षण वर्तमान समय की जरूरत है

फरीदाबाद सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद GRAP का चौथा चरण लागू किया गया

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने लोगों से GRAP का चौथे चरण के प्रावधानों का पालन करने की अपील की

पंचकूला में आयोजित तीन दिवसीय आयुर्वेद महोत्सव आज संपन्न हो गया
हरियाणा और चंडीगढ़ मे ठंड और कोहरे का प्रकोप बढ़ा

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। राष्ट्रपति आज ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानितकरने के अवसर पर उपस्थितजन को संबोधित कर रही थी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के पहले भारत ने अपनी स्वच्छ ऊर्जा वचनबद्धताओं को पूरा किया है। यह उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है।

*भारत ने क्लीन एनर्जी की प्रतिबद्धताएं समय सीमा से पहले ही पूरी कर ली है। यह हमारी ऊर्जा दक्षता और डी-कार्बोनाइजेशन की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री सूर्य घर  मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है जिसके तहत घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इसमें उन घरों को मुफ्त बिजली मिलेगी और फोसिल फॉइल पर निर्भरता कम होगी।*

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

***भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में से एक है। विकास की इस यात्रा में सभी नागरिकों तक बिजली की पहुंच, शहरीकरण, औद्योगिकरण विस्तार और जीवन स्तर पर सुधार के कारण ऊर्जा की आवश्यकता भी तेजी से बढ़ रही है। ऊर्जा की बचत, ऊर्जा का सबसे पर्यावरण अनुरूप और विश्वसनीय स्रोत है।***

इस अवसर पर केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2025 के विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने इस कार्यक्रम को विकास और पर्यावरण संरक्षण को प्रतिबिम्बित करने वाला बताया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण-2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी बधाई दी।

***मैं आज के सभी पुरस्कार विजेताओं को हार्दिक बधाई देता हूं कि आपने इनोवेशन को अपनाकर ऑफिशियल टेक्नोलॉजी की दिशा में कदम बढ़ाया है। आज का यह सम्मान समारोह इस बात का प्रतीक है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।***

---

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स, नई दिल्ली ने स्ट्रोक के इलाज़ के लिए सुपरनोवा स्टंट नामक स्वदेशी उपकरण का पहली बार परीक्षण किया। इस उपकरण को भारतीय परिवेश के अनुसार डिजाइन किया गया है, जहां पश्चिमी देशों के मुकाबले कम उम्र में ही लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं।

संस्थान ने कहा कि सुपरनोवा स्टंट का निर्माण अब देश में ही किया जाएगा। इससे प्रतिवर्ष स्ट्रोक का शिकार होने वाले 17 लाख से अधिक लोगों को सहायता मिलेगी।

---

फरीदाबाद सहित पूरे राष्ट्रीय राजधानी  क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान -GRAP का चौथा
चरण  लागू  किया गया हैं ।

फरीदाबाद के उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि सभी संबंधित विभागों को सख्ती से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बढ़ते प्रदूषण और वायु गुणवत्ता सूचकांक -AQI के अत्यंत गंभीर श्रेणी में पहुंचने को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि ग्रेप-4 के अंतर्गत निर्माण एवं विध्वंस से जुड़े सभी गैर-आवश्यक कार्यों पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही, शहर में  बीएस-4 श्रेणी के डीजल ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, केवल  आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को ही आने की अनुमति दी जा रही है। डीजल जनरेटर के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा है कि जनसहयोग से ही वायु गुणवत्ता में सुधार संभव है और ग्रेप-4 के प्रावधानों का पालन सभी के हित में है।

आज फरीदाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने, अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों में कमी लाने की अपील की।

---

पंचकूला  में आयोजित तीन दिवसीय आयुर्वेद महोत्सव 2025 आज संपन्न हो गया।
महोत्सव  के संचालकों ने बताया कि   आयुर्वेद महोत्सव बेहद सफल रहा।
विशेषज्ञों ने आयुर्वेद की आधुनिक दिशा, तकनीकी उन्नति और वैश्विक संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए ।
हजारों लोगों ने प्रदर्शनी में  पहुंचकर आयुर्वेद से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।
आयुर्वेद फाउंडेशन के निदेशक
ने कहा कि यह आयोजन समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। देशभर से आए आयुर्वेद विशेषज्ञों ने अपने शोध, अनुभव और आधुनिक दृष्टिकोण साझा किए, जिससे आयुर्वेद के वैज्ञानिक आधार को और मजबूती मिली है।

-----------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर  गंगवा कल हिसार जिले के गांव गंगवा में राजाराम मेमोरियल लाइब्रेरी का शिलान्यास करेंगे। इस के उपरांत कैबिनेट मंत्री गांव में जन समस्याएं भी सुनेंगे।

------------------------------------------------------------------------------

फरीदाबाद में कल से पांच दिवसीय विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।
इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण सेवाओं से जोड़ना तथा अब तक छूटे हुए लाभार्थियों का  टीकाकरण करना है।  अभियान के दौरान शहरी झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, प्रवासी आबादी और उच्च जोखिम वाले इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

--------------------------------------------------------------------

मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में आज और कल कुछेक स्थानों पर घना कोहरा पड़ने की संभावना जताई है।

विभाग ने कहा है कि अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी और उसके बाद राज्य में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा और अगले 7 दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग ने 16 दिसंबर को हरियाणा में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना व्यक्त की है। आज राज्य में मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमान सिरसा में
24.8° सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में न्यूनतम तापमान हिसार में 6.6°सेल्सियस दर्ज किया या। जींद और हिसार में बहुत घना कोहरा देखा गया।

------------------------------------------------------------------------------------------
------

सर्दी के मौसम में कोहरे के बढ़ते प्रकोप का फसलों पर प्रभाव
पड़ना शुरू हो गया है। हरियाणा कृषि प्रबंधन विस्तार के राज्य निदेशक डॉक्टर कर्मचंद ने बताया कि गेहूं की फसल के लिए कोहरा काफी लाभदायक है जबकि सब्जी व अन्य फसलों के उत्पादक किसानों को इसके लिए
सावधानी रखने की आवश्यकता है।

--------------------------------------------------------

आज सुबह चरखी दादरी में एक भीषण सडक़ हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई और 18 स्कूली छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

-----------------------------------------------------------------------------------------

रोहतक में भी कोहरे की वजह से सुबह खरकड़ा गांव के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर कई वाहन आपस में टकरा गए।

-------------------------------------------------------------------------------